# जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए

## सीएम डॉ. यादव ने बैठक में दिये निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए.**

साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो. स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं. प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं. स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित आयोजन किया जाए.



### जिलों में होगी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना

**इंदौर.** प्रदेश में जनता को शुद्ध, प्रमाणिक और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं औषधि उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. प्रदेश सरकार चाहती है कि हर नागरिक तक सुरक्षित और मानक स्तर वाले शुद्ध गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ एवं दवाएं पहुंचें. प्रदेश में अब संभाग स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर भी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की स्थापना की जाएगी. साथ ही प्रदेश कही भी मिलावटखोरी बर्दाश्त नहीं होगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह बात मुख्यमंत्री ने आज शहर में फूफ एंड ड्रग लेबोरेट्री के लोकार्पण कार्यक्रम में कही. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में 8 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बनी अत्याधुनिक फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी के लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्य एवं औषधि विक्रय और निर्माण के क्षेत्र में मिलावटखोरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस क्षेत्र में ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ कार्य करने वाले उद्योगों एवं अन्य संस्थानों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन भी दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला प्रदेश में विशेषकर मालवांचल में खाद्य एवं औषधि जांच व्यवस्था को नई गति देगी. जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री एवं प्रमाणिक औषधि उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर की यह फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगी. इससे जांच प्रणाली को मजबूती मिलेगी और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को एक नई दिशा प्राप्त होगी. इस मौके पर उन्होंने जनता को छठ पूजन की शुभकामनाएं भी दी. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, श्रवण सिंह चावड़ा, संभागायुक्त डॉ.सुदामा खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव आदि मौजूद थे.



### शासकीय मेडिकल कॉलेज सतना का नामकरण

**सतना 27 अक्टूबर.** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार तत्संबंध में गठित समिति के निर्णय के अनुसरण में सतना जिले के शासकीय मेडीकल कॉलेज सतना का नामकरण भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेयी जी मेडीकल कॉलेज सतना किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने तत्संबंधी आदेश जारी कर दिये हैं।

# विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा में ढिलाई नहीं

## इंदौर में महिला खिलाड़ियों से छेड़छाड़ मामले की जांच में तेजी आई

- सुरक्षा में बढ़ी सख्ती, आरोपी पर रासुका की तैयारी
- एमपीसीए से मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों से छेड़छाड़ के मामले में जांच और तेज हो गई है.**

पुलिस ने एयरपोर्ट से होटल और स्टेडियम तक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एमपीसीए से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा में बार-बार चूक क्यों हो रही है, जबकि पर्याप्त बल तैनात था.पुलिस कमिश्नर स्तर की जांच में यह बात सामने आई है कि यह पहली बार नहीं है जब विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक हुई हो. इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड टीम की महिला खिलाड़ी भी बिना पुलिस सुरक्षा के बाहर गई थीं. सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा के लिए तैनात महिला बल को उस दिन ड्यूटी से हटा दिया था. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी अकील के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है.



> मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे किसी स्थान पर जाने से पहले लोकल प्रशासन को सूचित करें. हालांकि, उनके बयान पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी. कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि यह बेहद गैरजिम्मेदार और शर्मनाक बयान है. सरकार को बयान देने के बजाय सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई करनी चाहिए. वहीं, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने भी कहा कि यह बयान महिलाओं के प्रति असंवेदनशील है.

# महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम रही भाजपा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में विदेशी महिला क्रिकेटरों के साथ हुई छेड़खानी की घटना पर राज्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की कड़ी निंदा की है।**

मंत्री ने विदेशी खिलाड़ियों को होटल से बाहर निकलने से पहले स्थानीय अधिकारियों को सूचित करने और सावधानी बरतने की सलाह दी थी। पटवारी ने इसे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार की नाकामी का स्पष्ट प्रमाण बताया. पटवारी ने मंत्री के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर कोई विदेशी महिला क्रिकेटर बाहर घूमना या स्थानीय लोगों से बातचीत करना चाहे, तो क्या उसके साथ महिला पुलिसकर्मी रहेंगी? मंत्री के शब्द इस बात को स्वीकार करते हैं कि सरकार पर्याप्त सुरक्षा देने में असमर्थ है. उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों को स्वतंत्र रूप से घूमने पर खतरा है, तो यह प्रदेश में 'पूर्ण जंगलराज' की स्थिति को दर्शाता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार जो महिलाओं की सुरक्षा का दावा करती है, वह इसे निभाने में पूरी तरह विफल रही है। यह घटना सत्तारूढ़ दल के दोहरे मापदंड और खोखले वादों को उजागर करती है। उन्होंने कहा, जब स्वयं एक मंत्री यह संकेत दे रहा है कि महिलाएं खुले तौर पर घूम नहीं सकतीं, तो यह कानून-व्यवस्था की विफलता का स्पष्ट प्रमाण है।

> पटवारी ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों को तुरंत सजा देने की अपील की। उन्होंने सरकार से कहा कि वह जिम्मेदारी महिलाओं या खिलाड़ियों पर डालने के बजाय सुरक्षा के ठोस कदम उठाए। पटवारी ने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी और भाजपा सरकार की लापरवाही को लगातार उजागर करती रहेगी।



# किसानों को शून्य फीसदी ब्याज पर मिलता रहेगा फसल ऋण

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिये सहकारी बैंकों के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है.**

इस संबंध में शासन ने आदेश जारी किया है. जारी आदेशानुसार खरीफ 2025 सीजन के लिये देय तिथि 28 मार्च 2026 तथा रबी 2025-26 सीजन के लिये देय तिथि 15 जून 2026 नीयत की गई है. खरीफ, रबी सीजन की निर्धारित तिथि तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा.

### कोदो-कुटकी उपार्जन के लिये अब 31 तक होगा पंजीयन

भोपाल. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है. उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है.

# मप्र स्थापना दिवस पर तीन दिन होंगे कार्यक्रम

## सभी शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर एक से तीन नवम्बर तक 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. एक नवम्बर को शासकीय भवनों पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की जायेगी.**

स्थापना दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम एक नवम्बर को प्रात: 11 बजे से लाल परेड मैदान पर आयोजित किया जायेगा. कार्यक्रम में विकसित मध्यप्रदेश 2047 दृष्टि पत्र का विमोचन, एमपीई-सेवा एवं इन्वेस्ट एमपी पोर्टल का शुभारम्भ होगा. साथ ही प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति तथा आतिशबाजी की जायेगी. सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा.स्थापना दिवस पर 2 एवं 3 नवम्बर को स्व-सहायता समूह एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित शिल्पियों की आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की बहुआयामी कला-संस्कृति का लोकव्यापीकरण और मंचीय कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन एवं सुगम संगीत का कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की सतत प्रगति, विरासत से विकास, उद्योग/ विज्ञान क्षेत्र की विशिष्ट उपलब्धियों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी एवं मध्यप्रदेश के विकास पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर होगा. जिला मुख्यालयों पर स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां, जिलावार उत्कृष्ट कार्यों तथा जिला उत्पादों पर केन्द्रित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी.

### स्कूल-कॉलेजों में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

युवाओं को जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहुआयामी संस्कृति, पर्यटन, उद्योग, विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता, मध्यप्रदेश के विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों पर आधारित चित्र/फोटो प्रदर्शनी/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में किया जायेगा. सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं, विज्ञान और उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाली संस्थाओं सहित संवाद, गोष्ठी, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन भी आयोजित किये जायेंगे.

## सराफा कारोबारी के मुनीम से 1.25 करोड़ की चोरी

**देवास.** मध्य प्रदेश के देवास जिले में पुलिस ने 1 करोड़ 25 लाख रुपये की चोरी के सनसनीखेज मामले का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर 500-500 के नोटों की 250 गड्डियां बरामद की हैं। बस से लौटे तो बैग गायब जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को छतरपुर निवासी सराफा कारोबारी के मुनीम नितेश सेन दीपावली के लिए सोना-चांदी की खरीदारी हेतु 1.25 करोड़ रुपये लेकर इंदौर जा रहे थे। सोनकच्छ क्षेत्र स्थित पप्पू एंड पप्पू रिसॉर्ट के पास बस रुकी। मुनीम के वापस आते ही पैसों से भरा बैग गायब मिला। आरोपी सफेद महिंद्रा एकस यूवी 300 से फरार हो गए।

# ग्वालियर चंबल क्षेत्र में नहीं रुक रही बारिश

## जनजीवन ठप, फसलें बर्बाद

**ग्वालियर। ग्वालियर चंबल क्षेत्र में मौसम ने फिर करवट ली है। ग्वालियर शहर और आसपास के सभी जिलों में बीती रात से भारी बारिश हो रही है जिससे सोमवार सुबह से ही जनजीवन ठप जैसी स्थिति में है।**

बारिश के चलते ग्वालियर के ग्रामीण क्षेत्र में फसलें खराब हो गई हैं। ग्वालियर चंबल के अलग अलग जिलों में आज रात से ही बारिश का सिलसिला जारी है। चंबल क्षेत्र में वेदर सिस्टम एक्टिव है, जिसकी वजह से बारिश हो रही है और मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों तक यह सिस्टम एक्टिव रहेगा. मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी में भारी बारिश का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था। ताजा बारिश से कई जगह फसल खराब हुई है। हालात ये हैं कि लागत भी निकलना मुश्किल है। मौसम का मिजाज अन्नदाता के खिलाफ ही समझ आ रहा है।खेतों में बारिश का पानी भर गया है। किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। स्थानीय सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने किसानों को सर्वे का आश्वासन दिया है।



# कैंसर के मरीज ने अस्पताल की चौथी मंजिल से कूदकर दी जान

**ग्वालियर। शहर के जयारोग्य अस्पताल में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। मुंह के कैंसर से पीड़ित 50 वर्षीय रघुवीर ने इलाज के दौरान असहनीय दर्द और अकेलेपन से तंग आकर चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।**

मौके पर ही उनकी मौत हो गई। यह घटना अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के मुताबिक रघुवीर को मुंह के कैंसर का इलाज कराने तीन दिन पहले ही परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन इलाज के दौरान परिजन उन्हें अकेला छोड़कर चले गए। लावारिस श्रेणी में रखे गए रघुवीर का अस्पताल प्रबंधन नि:शुल्क इलाज कर रहा था। बीमारी के दर्द और परिवार के त्याग से मानसिक रूप से टूट चुके रघुवीर ने यह कदम उठाया। एक हजार बिस्तरों वाले इस प्रमुख सरकारी संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। रघुवीर चौथी मंजिल के वार्ड से सीधे नीचे कूद पड़े, जहां तुरंत मौत हो गई।



# गणेशपुरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## परिजनों ने शव लेने से किया था इंकार, एसपी ने दिया आश्वासन

**गुना, 27 अक्टूबर. जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुरा में जमीन विवाद के चलते हुए मारपीट और हत्या कांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।**

पुलिस ने मुख्य आरोपी हुकुम सिंह नागर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि महेन्द्र नागर, जितेन्द्र नागर, कन्हैयालाल नागर सहित अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस घटना में घायल रामस्वरूप नागर की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजनों को सौंपा गया तो उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर शव लेने से इंकार कर दिया। परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। एसपी अंकित सोनी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया.

भारी पुलिस सुरक्षा में अंतिम संस्कार किया गया। बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने जिला अस्पताल में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सख्त कार्रवाई की मांग की।



> घटना के दौरान महिलाओं और किशोरियों के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ देने की बात भी सामने आई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस मामले में पुलिस ने धारा 109, 391, 124, 326 सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। एसपी ने कहा है कि सभी आरोपी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे और गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है। इस बीच आरोपियों के कुछ स्थानीय नेताओं के साथ फोटो वायरल होने से राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है।

# न्यायिक अफसरों की सेवानिवृत्ति आयु में बढ़ोतरी करने से इंकार

- सर्वोच्च न्यायालय ने मांगा मप्र हाईकोर्ट से जवाब

**जबलपुर। मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 61 नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी।**

याचिका में कहा गया था कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि मध्य प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 61 वर्ष करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। इसके बावजूद भी हाईकोर्ट के प्रशासनिक स्तर पर इसके लिए इंकार कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई तथा न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की रजिस्ट्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मध्य प्रदेश न्यायाधीश संघ की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि सर्वोच्च न्यायालय ने 26 मई के आदेश में कहा था कि जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 61 वर्ष करने में कोई बाधा नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसके लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट दो माह का समय प्रदान किया था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी हाईकोर्ट के प्रशासनिक स्तर पर सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन के पदाधिकारी को मौखिक रूप से सूचित किया है.

**विमोचन** | सेवानिवृत्त पीसीसीएफ रावत की पुस्तक 'एक फॉरेस्ट ऑफिसर की डायरी' का विमोचन

# अनुभवों की भट्टी में तपे लोगों का जीवन प्रेरक : शुक्ल

**भोपाल, 27 अक्टूबर. उप मुख्यमंत्री .राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अनुभवों की भट्टी में तपे लोगों का जीवन वृतांत सभी के लिए मार्गदर्शक होता है। सार्वजनिक जीवन, समाज सेवा, टीम वर्क, योजनाबद्ध कार्यप्रणाली और आदर्श नेतृत्व कैसा होना चाहिए, यह इस पुस्तक के विभिन्न वृत्तांतों से पाठक सीख सकेंगे।**



वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को यह पुस्तक न केवल अपने दायित्वों के विधिवत निर्वहन की प्रेरणा देगी, बल्कि सार्वजनिक जीवन में आचरण और व्यवहार का भी आदर्श प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध प्रयास, लगन और समर्पण की सीख युवा वर्ग इस पुस्तक से प्राप्त कर सकता है। अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन दूसरों के लिए जीना ही सही मायनों में जीवन का सार है — यही इस कृति का संदेश है।

उप मुख्यमंत्री .शुक्ल भोपाल में सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) .एस. आर. रावत द्वारा लिखित पुस्तक 'एक फॉरेस्ट ऑफिसर की डायरी' के विमोचन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 93 वर्ष की आयु में भी .रावत का यह प्रयास नागरिकों को पचास वर्ष पूर्व के प्रशासनिक, सामाजिक और प्राकृतिक परिदृश्य से परिचित कराता है। यह उनके मानवता और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल है। उप मुख्यमंत्री .शुक्ल ने .रावत के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। लेखक एवं सेवानिवृत्त पीसीसीएफ .एस. आर. रावत ने बताया कि यह पुस्तक वन प्रशिक्षण में विशेष रूप से लाभदायक सिद्ध होगी।

> साथ ही सामान्य पाठकों के लिए भी यह अत्यंत रोचक और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि इसके प्रसंग पाठकों को प्रकृति से गहरे रूप से जोड़ देंगे। पुस्तक में बोरी, सतपुड़ा, कान्हा, पेंच, अबूझमाड़, कांकेर घाटी सहित अनेक टाइगर रिजर्व, वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी और नेशनल पार्क के यादगार अनुभव दर्ज किए गए हैं। लेखक .रावत ने बताया कि अमरकंटक और चित्रकूट जैसे धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों के विहंगम दृश्य भी पुस्तक की विशेषता हैं। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का संग्रहण एक बड़ी चुनौती थी, जबकि वर्षों पुराने फोटोग्राफ का समायोजन इस पुस्तक का मुख्य आकर्षण है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले परिवार के सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. एन. अम्बाड़े ने कहा कि .रावत के अनुभव वन विभाग की कार्यप्रणाली को और सशक्त एवं प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

## फरार सॉल्वर 6 साल बाद गिरफ्तार

**ग्वालियर.** सीबीआई ने पिछले छह साल से फरार चल रहे सॉल्वर मोहम्मद जावेद को पकड़ लिया और विशेष सत्र न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। सीबीआई की टीम पिछले छह साल से जावेद की तलाश कर रही थी। वह अलीगढ़ विश्वविद्यालय से पीजी कर रहा था। व्यापमं ने वर्ष 2009 में पीएमटी का आयोजन किया था। हेमंत का सेंटर गुना में था। हेमंत परीक्षा पास करने के लिए मोहम्मद जावेद को लेकर आया था। हेमंत की जगह पर जावेद ने परीक्षा दी और पास भी कर ली थी। इसमें खुलासे के दौरान केस दर्ज किया गया।

**आवश्यकता है केयर टेकर की**

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.

12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें

9826461065

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14